खास-खबरें

रबी विपणन में गेहूँ उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा के लिए मंत्रिमंडल समिति का गठन

भोपालः मध्यप्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन व्यवस्था की निगरानी और समीक्षा के लिए एक मंत्रिमंडल समिति गठित की है। समिति का मुख्य उद्देश्य गेहूँ उपार्जन की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना और आवश्यक बारदानों की उपलब्धता पर नजर रखना है। समिति में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल को सदस्य मनोनीत किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त समिति के संयोजक होंगे, जबकि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के भारसाधक सचिव समिति में स्थाई आमंत्रित सदस्य होंगे। समिति समय-समय पर बैठक कर केन्द्र सरकार के निर्देशों और वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर मुख्यमंत्री को उपार्जन संबंधी अनुशंसाएँ देगी। समिति का कार्यकाल 30 जून तक रहेगा।

मध्य-पूर्व एशिया की स्थिति पर निगरानी और समीक्षा हेतु मंत्रिमंडल समिति का गठन

भोपालः राज्य शासन ने अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम और मध्य-पूर्व एशिया की वर्तमान स्थिति के प्रभावों की निरंतर निगरानी और समीक्षा के लिए एक मंत्रिमंडल समिति गठित की है। समिति का उद्देश्य प्रदेश में उत्पन्न स्थिति का विश्लेषण करना और आवश्यक नीतिगत अनुशंसाएँ प्रस्तुत करना है। समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप को सदस्य मनोनीत किया गया है। आवश्यकता अनुसार बैठक कर समिति, केन्द्र सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में मध्य-पूर्व एशिया में रह रहे नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उपायों की समीक्षा करेगी। इसके अतिरिक्त समिति प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरक और अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार कर अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करेगी।अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण समिति के सदस्य सचिव होंगे। वित्त, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास सहित संबंधित विभागों के भारसाधक सचिव समिति में स्थाई आमंत्रित सदस्य होंगे। समिति का कार्यकाल आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।

डीआरएम कार्यालय शिविर में 77 महिला रेलकर्मियों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

भोपालः अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोपाल मंडल में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में 10 मार्च को डीआरएम कार्यालय में मंडल रेल चिकित्सालय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विजय सिंह के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान महिलाओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), हीमोग्लोबिन तथा अन्य आवश्यक जांचें की गईं। साथ ही उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में रेलवे की 77 महिलाओं ने शिविर का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

किसानों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता : कंषाना

भोपालः किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसानों का कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य खेती को लाभ का धंधा बनाना और किसानों की आय बढ़ाना है। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज और कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ भूमि एवं जल प्रबंधन तथा लघु सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को उर्वरक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'ई-विकास' डिजिटल प्रणाली लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत अब तक 2 लाख 11 हजार किसानों ने 1.28 लाख मीट्रिक टन उर्वरक खरीदा है।

निगम ने 85 वार्डों में आयोजित की जल सुनवाई

भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ जल अभियान के तहत नगर निगम द्वारा प्रत्येक मंगलवार को समस्त वार्डों में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है साथ ही जल परीक्षण एवं लीकेज सुधार आदि संबंधी कार्यवाही भी नियमित रूप से की जा रही है। निगम के सभी 85 वार्डों में आयोजित जल सुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा 03 जल के नमूने परीक्षण हेतु दिए गए। इसके अलावा वार्ड क्र. 29 में 01 शिकायत प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ जल अभियान के तहत आमजन को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने संबंधी निर्देशों के परिपालन में निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन द्वारा दिए गए आदेश पर नगर निगम के सभी वार्ड कार्यालयों में मंगलवार, 10 मार्च को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जल सुनवाई आयोजित की गई।

उपलब्धियों का उत्सव, भविष्य की जिम्मेदारियों की शुरुआत : पटेल

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने युवाओं से कहा कि जीवन की उपलब्धियों का उत्सव मनाना महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भविष्य की बड़ी जिम्मेदारियों की शुरुआत भी है। उन्होंने युवाओं से संवेदना, सेवा और सहयोग की भावना के साथ समाज के गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में योगदान देने का आह्वान किया।

राज्यपाल मंगलवार को टेक्नोक्रेट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (टीआईटी) के वार्षिक 'प्लेसमेंट डे' समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा हायरिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

राज्यपाल पटेल ने विद्यार्थियों, उनके गुरुजनों और अभिभावकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि युवाओं को अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के विकास के लिए करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे गरीब बस्तियों में जाकर जरूरतमंदों की मदद करें और अपने ज्ञान को समाज के हित में सार्थक बनाएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को विकसित भारत का कर्णधार मानते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्टार्टअप, कौशल विकास और डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय विश्नोई, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एसके जैन, संस्थान की अध्यक्ष साधना करसोलिया और अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य संरक्षक रामराज करसोलिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री दमोह और सागर के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को दमोह और सागर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

इस दौरान वे विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन करने के साथ ही महिला सशक्तिकरण और रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री दमोह जिले के हटा में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे 405 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी होने की संभावना है, जहां महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा होगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री सागर जिले पहुंचकर ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'युवा संगम' वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कई कंपनियां भाग लेंगी और युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएँगे। सरकार का उद्देश्य युवाओं को कौशल और रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री इस अवसर पर युवाओं को संबोधित भी करेंगे और रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देंगे।

सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण व श्रीमद्भागवत कथा कल से

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः परम पूज्य देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की पावन स्मृति में विश्व कल्याण, राष्ट्र कल्याण एवं प्रदेश कल्याण के उद्देश्य से 137वें सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं श्रीमद्भागवत कथा का विशाल आयोजन 12 से 18 मार्च तक दशहरा मैदान, बिट्टन मार्केट में आयोजित किया जाएगा।

आयोजन के तहत कलश यात्रा 11 मार्च को दोपहर 3 बजे बिट्टन मार्केट चौराहे से आरम्भ होकर यज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। आयोजन समिति के अनुसार सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पार्थिव शिवलिंग निर्माण और महारुद्राभिषेक के लिए विशाल पंडाल, जल व्यवस्था, विद्युत सज्जा तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

इस अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का वाचन गोलोकवासी गृहस्थ संत परम पूज्य गुरुदेव पं. देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा के ज्येष्ठ पुत्र प्रसिद्ध कथावाचक पूज्य अनिल प्रभाकर शास्त्री बड़े भैय्या के मुखारविंद से किया जाएगा, जो भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगे। दद्दा शिष्य मंडल द्वारा पार्किंग, स्वच्छता, भव्य सजावट तथा भजन-कीर्तन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। मंडल ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन भोपाल ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की महानता को भी विश्व पटल पर प्रदर्शित करेगा।

युवक के सिर में डंडे मारकर किया अधमरा

भोपालः गोविंदपुरा स्थित झुग्गी बस्ती में रविवार शाम एक युवक को बदमाशों ने सिर में डंडे मारकर अधमरा कर दिया। बदमाशों का घायल युवक के बड़े भाई से विवाद हुआ था। पुलिस के अनुसार कलां बाई मोरे झुग्गी पुराना नगर रहती है। उनके बसंत और विष्णु दो बेटे है। बसंत अन्ना नगर और विष्णु मां के साथ रहता है। बसंत अन्ना नगर से मां से मिलने जा रहा था। इसी बीच उसे राज और लक्की ने रोक लिया। दोनों गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कुछ देर बाद राज और लक्की कला बाई के घर पहुंच गए।

समृद्ध ज्ञान परंपरा पर गर्व के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता : परमार

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और हमें इस पर गर्व के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि भारत कभी गरीब देश नहीं था, बल्कि अपनी समृद्ध संस्कृति, ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण विश्व में 'सोने की चिड़िया' के रूप में जाना जाता था।

श्री परमार सोमवार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम 2026 के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि और ज्ञान परंपरा के कारण ही विदेशी आक्रमणकारियों ने यहां आकर देश को लूटने का प्रयास किया।

इस दौरान भारतीय संस्कृति, शिक्षा केंद्रों और परंपराओं को कमजोर करने के साथ समाज के बारे में कई भ्रांतियां भी फैलायी गईं। यदि समाज में कहीं रूढ़िवाद या अंधविश्वास दिखाई देता है तो वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर उसमें सकारात्मक परिवर्तन लाना आवश्यक है।

स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

नप्र, भोपालः पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल,अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहवर आलम एवं अजजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री संदीप कुलस्ते सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

शिथिल संविदाकारों पर ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू

नप्र, भोपालः नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने अमृत-2.0 मिशन की समीक्षा बैठक में जल प्रदाय और सीवरेज परियोजनाओं की प्रगति की सघन समीक्षा की। यह बैठक 19 जनवरी को आयोजित 'अमृत मंथन कार्यशाला' की निरंतरता में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करना था। बैठक में विशेष रूप से उन 53 परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिन्हें पहले धीमी प्रगति के कारण 'रेड लिस्ट' में रखा गया था।

पचपन लाख की लूट, पुलिस की 10 टीमें जांच में जुटीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में 7 मार्च की रात एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। थाना श्यामला हिल्स क्षेत्र के स्मार्ट सिटी रोड पर अज्ञात बदमाशों ने 55 लाख 50 हजार रुपये से भरा बैग झपट कर फरार हो गए। घटना रात लगभग 9:30 बजे की बताई जा रही है।

मामले में फरियादी दिव्यांग बारोट पिता भरत बारोट, निवासी चूना भट्टी ने पुलिस को शिकायत दी है। उनकी सूचना पर थाना श्यामला हिल्स में अपराध क्रमांक 48/26 के तहत धारा 309(4) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार फरियादी घोड़ा नक्कास थाना हनुमानगंज क्षेत्र से स्कूटी पर पैसे लेकर चूना भट्टी जा रहे थे। इसी दौरान स्मार्ट सिटी रोड पर दो स्कूटी पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा किया और मौका देखकर रुपये से भरा बैग झपट लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की 10 टीमें जांच में लगाई गई हैं। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

11वीं की छात्रा ने की खुदकुशी

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम परवलिया में 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई ने उसका शव पंखे के कुंदे पर दुपट्टे के सहारे लटका देख पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ग्राम परवलिया निवासी प्रियांशी चौहान पुत्री स्वर्गीय शैलेंद्र चौहान (16) के पिता जेसीबी मशीन ऑपरेटर थे। कोरोना काल में उनकी मौत हो गई थी। मूलरूप से जिला धार की किशनपुर खेड़ी थाना धर्मपुर की रहने वाली प्रियांशी अपने भाई अमन चौहान और मां के साथ यहां लवाना के मकान में किराए से रहती थी। मां प्राइवेट काम करती है और भाई पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है।

फर्जी आधार से सिमकार्ड जारी करने के घोटाले का खुलासा

भोपालः एमपी में फर्जी दस्तावेजों के जरिए सिमकार्ड जारी करने का बड़ा घोटाला सामने आया है। साइबर पुलिस ने एक ही फोटो का इस्तेमाल कर सिम एक्टिवेट कराने वाले गिरोह के खिलाफ 'ऑपरेशन फेस' शुरू किया है।

लेखक सुरेश पटवा की पुस्तक शौर्य भूमि की सैर लोकार्पित

भोपालः लेखक सुरेश पटवा की सम्पूर्ण राजस्थान यात्रा वृतांत पुस्तक शौर्य भूमि की सैर डॉ जितेंद्र सोनी, आईएएस, कलेक्टर जयपुर के मुख्य आतिथ्य में प्रौढ़ शिक्षा समिति, झालान सांस्कृतिक क्षेत्र, जयपुर के तत्वाधान में अमराई के मंच पर लोकार्पित हुई। हरि राम मीणा, वरिष्ठ साहित्यकार सारस्वत अतिथि के रूप में, राव शिवराज सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार और कैलाश मेश्राम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सावित्रीबाई फुले के सपनों को साकार कर रही प्रदेश सरकार : भूरिया

भोपालः महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महान समाजसेविका और देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने जिस समाज का सपना देखा था, उसमें महिलाएं शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर हों। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सुश्री भूरिया ने कहा कि भारत के सामाजिक इतिहास में सावित्रीबाई फुले का नाम महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की अग्रदूत के रूप में आदर के साथ लिया जाता है। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जब समाज में महिलाओं को पढ़ाने की कल्पना भी नहीं की जाती थी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः महिलाओं को किया सम्मानित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल सखी वन फाउंडेशन ने लेबर कैंप में रहने वाली महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया।

इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, बच्चों के अधिकारों, कानूनी जानकारी तथा स्वास्थ्य संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में डॉ. दीपा पटेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ, आरकेडीएफ कॉलेज) ने महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी। वहीं डॉ शशि चौबे ने बाल अधिकार, घरेलू हिंसा और महिला अधिकारों के बार में बताया। सोनिया पटेल एवं कॉन्स्टेबल रमिया उइके ने महिलाओं को सुरक्षा और कानून से जुड़ी अहम बातें बताई। साथ ही एड. रोहित कौशिक, एड. श्रद्धा बैरागी ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया। फाउंडेशन अध्यक्ष श्रृष्टि रघुवंशी, कोषाध्यक्ष शिवकुमारी रघुवंशी, संयुक्त सचिव एड. रामेश्वर सिंगरौली तथा एनसीसी कंपनी लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर अभय कुमार उपस्थित रहे। फाउंडेशन सदस्य एवं स्वयंसेवक मयूरी पाटीदार, आरती चौहान, आनबी चौहान, अविरल ठाकुर, विशाल रघुवंशी, सत्यम रघुवंशी और शिवम रघुवंशी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा
ई. निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक / 952.953.1160/water Supply/2026 — **विदिशा. दिनॉक :- 10/03/2026**

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई. निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्रं.	निविदा क्रं.	ई-टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	निविदा विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई.निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की समयावधि	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
1	1160	2026_UAD_489120_1	Selection of agency for leakage searching and maintenance of distribution network of vidisha water supply	1 call	2000000.00	15000.00	2000.00	12 Month	10/4/2026
2	952	2026_UAD_489122_1	Supply of Different type of motor and starters for water supply	1 call	1000000.00	10000.00	2000.00	12 Month	25/3/2026
3	953	2026_UAD_489132_1	Hiring of tractor and tanker for water supply	1 call	1000000.00	10000.00	2000.00	12 Month	25/3/2026

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद विदिशा

जाहिर सूचना
(भवन क्रमांक-एफ-65, ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी, राजहोम्स, जे.के. रोड़, भोपाल (म.प्र.) के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार : श्री सुरजीत सिंह आत्मज श्री जय सिंह निवासी-138, ग्राम अरवलिया, बैरसिया रोड़, भोपाल (म.प्र.) ने श्रीमती किरण सोनवणे पत्नि श्री संतोष सोनवणे निवासी-म. नं.-374, अन्ना नगर, बुद्ध विहार, पुलिस सत्यसांई कॉलेज के पास, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के स्वत्व, आधिपत्य एवं अधिकार का एक भवन क्रंमाक-एफ-65, ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी, राजहोम्स, जे.के. रोड़, भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को क्रय करने हेतु अनुबंध कर, टोकन राशि का भुगतान कर दिया है, पंजीयत विक्रय-पत्र का निष्पादन होना शेष है। उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय, गैर-शासकीय विभाग, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो या उक्त भवन कहीं बंधक, विक्रय, रहन, दान, अनुबंधित इत्यादि हो या किसी का कोई हित हो या कोई लेनदारी-देनदारी हो, तो वे व्यक्ति, संस्था इत्यादि इस सूचना-पत्र के प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय-दस्तावेज के प्रस्तुत करें, उपरोक्त अवधि के अवसान के पश्चात् मेरा पक्षकार, उपरोक्त वर्णित भवन का पंजीयत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लेगा तथा बाद में प्रस्तुत आपत्ति प्रभावशून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

भवदीय **आर.एस. दांगी** एडवोकेट
ग्राम-खामखेड़ा, बैरसिया रोड़,
भोपाल (म0प्र0) मो.नं.-9827042368

3909

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल

क्रमांक 1053/राजस्व/भोविप्रा/26
भोपाल दिनांक 10/03/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-एम.आई.जी.-09 सेक्टर 2बी श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद आ. स्व. श्री सौदागर प्रसाद के नाम पर अंकित है। आवंटी श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद का स्वर्गवास दिनांक 03/03/2019 को हो जाने के कारण अपनी पत्नी श्रीमती मालती देवी के नाम पर दिनांक 07/01/2019 को नोटराईज्ड वसीयत की गई नोटराईज्ड वसीयत के माध्यम से उक्त भूखण्ड दिये जाने का उल्लेख किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ-पत्र, परिवार की सहमति मय शपथ-पत्र, आवेदन पत्र एवं वसीयत के आधार पर नामान्तरण किया जाना उचित होगा। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापि प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापि प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

3908

न्यायालय नजूल अधिकारी, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त, भोपाल

क्रमांक/क्यू/रीडर/नजूल बैरा.वृत्त/2026
भोपाल दिनांक 15/01/2026

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री वीरसिंह पचौरी आ. श्री मुंशीलाल सिह पचौरी निवासी-म. नं. 65 नियर संस्कृतक पाठशाला सूबेदार कालोनी टीला जमालपुरा भोपाल द्वारा ग्राम टीलाजमालपुरा भोपाल में आवासीय भूखण्ड खसरा क्र. 41/1/3, 141/1/ 3/2, 79, 42, 45, 46, 49/250/2, 71/1/2/1, का अंशभाग होकर भूखण्ड का क्षेत्रफल 600 वर्गफिट भूमि रजि दानपत्र के माध्यम से दिनांक 21/8/1989 को प्राप्त किया था। प्रकरण क्रमांक 1384/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 16/5/2025 से असन्तुष्ट एवं दुखी होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 44 (1) के अन्तर्गत अपील आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 18/3/2026 तक इस न्यायालय मे स्वय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात यापत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी (राजस्व)
संत हिरदाराम नगर बैरागढ़
वृत्त भोपाल

3907

कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

क्रं.Q/2026 — **भोपाल,दिनांक 06/03/2026**

सूचना पत्र (वास्ते सीमांकन)

प्रति, 1.गुंजन हिरानी पत्नी लख्मीचन हिरानी नि. एमआईजी ई-7 अरेरा कॉलोनी भोपाल। 2. कमला पुत्री राजमल पाटीदार नि रापडिया भोपाल ! 3. रोहित कुमार पिता एम चन्द्र, श्रीमती गीताबाई पत्नी शंकरलाल नि. भोपाल। 4.मोहनलाल हिरानी पिता नारायण दास हिरानी नि. 3/2 नुपूर कुंज ई-3 अरेरा कालोनी भोपाल। 5. बृजेश पटेल पिता चंद्रिका प्रसाद पटेल, सुरेश पटेल पिता रामशरण पटेल नि. भोपाल। 6. चौरासिया बाई पुत्री इंद्रजीत, सत्यभामा पटेल पुत्री चंद्रिका पटेल नि. भोपाल। 7. उमाबाई बेवा शिवनारायण, अनिल, राजकुमारी पिता शिवनारायण नि. भोपाल। 8. राकेश पिता बद्रीप्रसाद पाटीदार, धनराज, जीतमल पिता बद्रीप्रसाद नि. भोपाल 9. मयंक जैन पिता स्व-शीलचंद जैन, विनीता दांगी पत्नी ब्रजमोहन दांगी नि. भोपाल। 11. खुशीलाल पाटीदार पिता मूलचंद पाटीदार नि. ई-619 अरेरा कॉलोनी भोपाल। 12. दीपक, दीपेश पुत्रगण शिवनारायण पाटीदार नि. रापडिया भोपाल। 13. हल्का पटवारी रापडिया। 14. सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकारो को सूचनार्थ। **विषय**:-सीमांकन किये जाने बाबत् सूचना पत्र। **संदर्भ**:- न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल के रा.प्र.क्र./अ-2/2025-26 दिनांक के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम रापडिया प.ह.नं.-01 य. वि. मं. वृत्त 01 तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 40/1, 266/1, 267 रकबा 0.400, 0.3200,0.5100 मेसर्स अग्रवाल कंस्ट्रक्शन भोपाल द्वारा हेक्टेयर कुल रकबा हेक्टेयर जो कि आवेदक/आवेदिका भागीदार श्री करण खुराना पिता/पति श्री रमेश खुराना निवासी भोपाल। के नाम से है, करा सीमांकन संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल द्वारा दिनांक 13/3/26 को समय 1.00 PM बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है।